भारतीय रिज़र्व बैंक

बुलेटिन

जनवरी 2026

खंड 80 अंक 1

संपादक समिति
संजय कुमार हाँसदा
अनुजीत मित्रा
रेखा मिश्र
अनुपम प्रकाश
सुनील कुमार
राजीव जैन
स्नेहल हेरवाडकर
वी. धन्या
श्वेता कुमारी
अनिर्बन सान्याल
सुजाता कुंडू

संपादक
आशीष थॉमस जॉर्ज

भारतीय रिज़र्व बैंक बुलेटिन संपादकीय समिति के
निर्देशन में आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा
मासिक आधार पर प्रकाशित किया जाता है।
इसमें व्यक्त व्याख्याओं और विचारों के लिए
बैंक का केंद्रीय निदेशक मंडल उत्तरदायी नहीं है।
हस्ताक्षरित आलेखों में व्यक्त विचारों के लिए
लेखक स्वयं उत्तरदायी हैं।

© भारतीय रिज़र्व बैंक 2025

सर्वाधिकार सुरक्षित।
सामग्री के पुनः उत्पादन की अनुमति है,
बशर्ते स्रोत का उल्लेख किया जाए।

बुलेटिन की सदस्यता के लिए कृपया 'हाल के प्रकाशन' खंड देखें।

भारतीय रिज़र्व बैंक बुलेटिन को
https://bulletin.rbi.org.in पर देखा जा सकता है।

विषय-वस्तु

भाषण

विनियमन और पर्यवेक्षण – डिजिटल युग को अपनाना 1
श्री संजय मल्होत्रा

डिजिटल युग में बैंकिंग पर्यवेक्षण में मुद्दे और चुनौतियाँ 5
श्री स्वामीनाथन जे.

डिजिटल युग में विनियमन – मुद्दे, अवसर और चुनौतियाँ 9
श्री शिरीष चंद्र मुर्मू

आलेख

अर्थव्यवस्था की स्थिति 15

भारतीय अर्थव्यवस्था के वित्तीय स्टॉक और निधियों का प्रवाह 2023-24 47

वर्तमान सांख्यिकी **63**

हाल के प्रकाशन **120**

अनुपूरक

भारत में बैंकिंग की प्रवृत्ति एवं प्रगति संबंधी रिपोर्ट 2024-25

वित्तिय स्थिरता रिपोर्ट - दिसंबर 2025

भाषण

विनियमन और पर्यवेक्षण – डिजिटल युग को अपनाना
श्री संजय मल्होत्रा

डिजिटल युग में बैंकिंग पर्यवेक्षण में मुद्दे और चुनौतियाँ
श्री स्वामीनाथन जे.

डिजिटल युग में विनियमन – मुद्दे, अवसर और चुनौतियाँ
श्री शिरीष चंद्र मुर्मू

विनियमन और पर्यवेक्षण – डिजिटल युग को अपनाना

श्री संजय मल्होत्रा

सुप्रभात और नमस्कार। कॉलेज ऑफ सुपरवाइजर्स के तीसरे वार्षिक वैश्विक सम्मेलन को संबोधित करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

प्रौद्योगिकी में प्रगति मानव गतिविधि के सभी अर्थात व्यक्तिगत, व्यावसायिक और सार्वजनिक क्षेत्रों को प्रभावित कर रही है। वित्तीय प्रणाली भी इसका अपवाद नहीं है। प्रौद्योगिकी ने पिछले कुछ वर्षों से बैंकिंग में क्रांति ला दी है। फिर भी, आज का परिदृश्य अलग है, परिवर्तन की गति और व्यापकता अभूतपूर्व है। प्रौद्योगिकी ने नए उत्पाद, साझेदार और प्रक्रियाएं पेश की हैं।

डिजिटलीकरण पहुंच को व्यापक बना रहा है, दक्षता बढ़ा रहा है, सुविधा में सुधार कर रहा है और कहीं अधिक अनुकूलित वित्तीय सेवाएं प्रदान कर रहा है। साथ ही, यह जोखिमों की प्रकृति और व्यापकता को भी नया रूप दे रहा है। यह व्यवधानों और जोखिमों के प्रसार को भी तेज कर रहा है, जो विनियामक और पर्यवेक्षी प्रतिक्रिया में तत्परता की आवश्यकता को रेखांकित करता है। यही कारण है कि सम्मेलन का विषय अत्यंत उपयुक्त है।

आज मैं अपने संबोधन में पाँच प्रमुख संदेशों पर ध्यान केंद्रित करना चाहता हूँ:

i. सहयोगात्मक प्रयास के रूप में प्रणालीगत लचीलापन
ii. सुधारात्मक उपायों के रूप में पर्यवेक्षी कार्रवाई और प्रवर्तन
iii. डेटा का प्रभावी उपयोग
iv. ग्राहक-केंद्रितता
v. क्षमता निर्माण

I. सहयोगात्मक प्रयास के रूप में प्रणालीगत लचीलापन

सबसे पहले, मैं इस बात पर ज़ोर देना चाहता हूँ कि रिज़र्व बैंक में हम विनियमित संस्थाओं के प्रति अपनी विनियामक और पर्यवेक्षी भूमिकाओं को सहयोगात्मक मानते हैं, न कि प्रतिपक्षी। हम एक विनियामक के रूप में अपनी सफलता को न केवल स्थिरता के संदर्भ में, बल्कि वित्तीय क्षेत्र की गतिशीलता और जीवंतता के संदर्भ में भी मापते हैं। इसी प्रकार, विनियमित संस्थाओं की दीर्घकालिक सफलता के लिए स्थिरता आवश्यक है। मूलतः, विनियामक और विनियमित संस्थाओं के उद्देश्य एक ही हैं, अर्थात् वित्तीय प्रणाली का दीर्घकालिक विकास, उन्नति, स्थिरता, अखंडता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करना। विनियामक और विनियमित संस्थाएँ एक ही टीम में हैं, न कि विरोधी खेमों में। हम राष्ट्र के विकास में भागीदार हैं। इसलिए, हमें एक ओर विकास और प्रणालीगत स्थिरता तथा दूसरी ओर जिम्मेदार नवाचार और उपभोक्ता संरक्षण के बीच सही संतुलन स्थापित करने के लिए मिलकर काम करना होगा।

मैं यह उल्लेख करना चाहूंगा कि विनियमन और पर्यवेक्षण का कार्य भी सहयोगात्मक प्रयास है। लगभग हर विनियमन को एक परामर्श प्रक्रिया के माध्यम से अंतिम रूप दिया जाता है। इसके अलावा, विनियमित संस्थाएं अपने आंतरिक नियमों, नियंत्रण, जांच और प्रक्रियाओं के माध्यम से स्वयं को विनियमित करती हैं। विनियमित संस्थाओं का अपना स्वयं का, व्यापक अर्थ में कहें तो, उनके बोर्ड, वरिष्ठ प्रबंधन और आश्वासन टीमों के माध्यम से आंतरिक और बाह्य दोनों प्रकार से पर्यवेक्षण होता है। इस प्रकार, यद्यपि विनियमन और पर्यवेक्षण का वैधानिक दायित्व आरबीआई के पास है, प्रणालीगत लचीलेपन को बनाए रखने, ग्राहकों को बेहतर सेवा प्रदान करने और अर्थव्यवस्था के विकास को सुगम बनाने का दायित्व साझा जिम्मेदारियां हैं। यह एक सामूहिक आकांक्षा के साथ किया जाने वाला सहयोगात्मक कार्य है।

आइए हम सभी को याद रखना चाहिए कि विनियमन तब सबसे अच्छा काम करता है जब बैंक और अन्य विनियमित संस्थाएं पर्यवेक्षकों को त्रुटि ढूंढने वाले निरीक्षकों के रूप में नहीं, बल्कि आघात सहनीयता में सहयोगी के रूप में देखती हैं।

भारत जैसे देश के लिए, जहां बैंक वित्तीय मध्यस्थता और समावेशी विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, यह सहयोगात्मक दृष्टिकोण न केवल वांछनीय है, बल्कि आवश्यक भी है।

* 9 जनवरी, 2026 को मुंबई में, भारतीय रिज़र्व बैंक के गवर्नर, श्री संजय मल्होत्रा द्वारा कॉलेज ऑफ सुपरवाइजर्स के तीसरे वार्षिक वैश्विक सम्मेलन में दिया गया मुख्य भाषण।

II. सुधारात्मक उपायों के रूप में पर्यवेक्षी कार्रवाई और प्रवर्तन

अब मैं अपने दूसरे मुद्दे पर आता हूँ। पर्यवेक्षी कार्रवाई और प्रवर्तन को अक्सर विनियमन और पर्यवेक्षण के सबसे प्रत्यक्ष पहलू के रूप में देखा जाता है। इसलिए यह स्पष्ट करना महत्वपूर्ण है कि रिज़र्व बैंक द्वारा की गई ऐसी कार्रवाइयों को पर्यवेक्षी उपायों की एक शृंखला के हिस्से के रूप में देखा जाना चाहिए, न कि एक स्वतंत्र प्रतिक्रिया के रूप में। यह शृंखला प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण से शुरू होती है और संवाद व मार्गदर्शन, अप्रत्यक्ष और प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण से होकर गुजरती है। प्रवर्तन, प्रतिबंध और दंड अंतिम उपाय हैं। हमारा प्रयास एक मजबूत वित्तीय पारितंत्र बनाना है जहाँ पर्यवेक्षण स्व-सुधार को प्रोत्साहित करें और प्रवर्तन केवल एक सहायक उपाय के रूप में कार्य करें।

इसके अलावा, रिज़र्व बैंक द्वारा की गई प्रवर्तन कार्रवाइयों का उद्देश्य सामान्यतः दंडात्मक नहीं होता है। इसका मुख्य उद्देश्य काफी हद तक सुधार करना है। ये दो उद्देश्यों की पूर्ति करती हैं - (i) जिनके विरुद्ध ऐसे उपाय शुरू किए गए हैं, उन्हें संकेत देना; और (ii) दूसरों को हमारे स्वीकार्य आचरण मानकों और अपेक्षाओं से अवगत कराना।

III. डेटा का प्रभावी उपयोग

मेरा तीसरा मुद्दा विनियमित संस्थाओं द्वारा प्रस्तुत रिपोर्टों और पर्यवेक्षण एवं विनियमन सहित विभिन्न उद्देश्यों के लिए हमारे द्वारा एकत्रित किए जाने वाले डेटा से संबंधित है। हमने रिपोर्टिंग तंत्र को सुव्यवस्थित करने और डेटा की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए अतीत में कई पहल की हैं। हम सीआईएमएस और दक्ष जैसे प्लेटफार्मों के माध्यम से बड़ी मात्रा में डेटा एकत्रित करते हैं। इस प्रक्रिया में आप सभी पर कुछ भार अवश्य पड़ता है, लेकिन आपके सहयोग से हमारी पर्यवेक्षण क्षमताएं मजबूत हुई हैं। मुझे यह जानकर खुशी हो रही है कि पिछले वर्ष पर्यवेक्षी डेटा गुणवत्ता सूचकांक (एसडीक्युआई) की शुरुआत के बाद से डेटा की गुणवत्ता में हाल ही में सुधार हुआ है। मुझे विश्वास है कि हम विनियमित संस्थाओं पर भार कम करते हुए प्रणाली में सुधार के लिए सहयोग जारी रखेंगे।

हालांकि हमने इस डेटा का अच्छा उपयोग किया है, फिर भी इसके अधिक प्रभावी उपयोग की गुंजाइश है। उदाहरण के लिए, पर्यवेक्षण विभाग अधिक निरंतर निगरानी और प्रारंभिक जोखिम का शीघ्र पता लगाने में सहायता के लिए बेहतर अप्रत्यक्ष निगरानी हेतु मजबूत विश्लेषणात्मक और पर्यवेक्षी डैशबोर्ड विकसित कर सकता है। हमारा प्रयास यह होना चाहिए कि पर्यवेक्षण को प्रत्यक्ष की तुलना में अधिक अप्रत्यक्ष बनाया जाए और इसे आवधिक के बजाय लगभग वास्तविक समय पर आधारित किया जाए। उत्तरोत्तर, इसका अर्थ यह भी होगा कि पर्यवेक्षकों के पास निर्णय लेने और जवाबदेही बनाए रखते हुए, सुपटेक और एआई-सक्षम उपकरणों का अधिक गहराई से उपयोग किया जाए। इसी प्रकार, विनियमन विभाग साक्ष्य आधारित विनियमन बनाने के लिए इसका उपयोग कर सकता है। हमारा प्रयास होना चाहिए कि डेटा का बेहतर और प्रभावी उपयोग किया जाए।

IV. ग्राहक-केंद्रितता

अब मैं ग्राहकों के लाभ के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग पर ध्यान केंद्रित करूँगा। हम सभी के लिए, ग्राहकों के हितों की रक्षा करना केवल एक प्राथमिकता नहीं है बल्कि यह एक स्थायी और मजबूत वित्तीय प्रणाली की आधारशिला होनी चाहिए। डिजिटल चैनल समावेशन और सुविधा में सुधार करके हमारे प्रयासों को सुगम बनाते हैं। लेकिन, सुरक्षा उपायों के अभाव में, वे अपारदर्शी मूल्य निर्धारण, अपर्याप्त खुलासे और अनुचित वसूली प्रथाओं को भी बढ़ावा दे सकते हैं। हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना होना चाहिए कि डिजिटलीकरण और नवाचार उपभोक्ताओं के लिए निष्पक्ष परिणामों के अनुरूप हों।

इस प्रयास का एक प्रमुख तत्व ग्राहकों को बढ़ते डिजिटल धोखाधड़ी के खतरे से बचाना होना चाहिए, जिसने राष्ट्रीय स्तर पर ध्यान आकर्षित किया है। जबकि बैंकों और अन्य विनियमित संस्थाओं को व्यक्तिगत रूप से डिजिटल धोखाधड़ी की रोकथाम और उससे निपटने के लिए अपने उपकरणों, तकनीकों और प्रक्रियाओं में सुधार जारी रखना चाहिए, यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां हमें समय पर और पूर्व-निवारक रूप से अवैध खातों और संदिग्ध लेनदेन का पता लगाने के लिए विश्लेषण और उपकरण विकसित करने के लिए एक-दूसरे के साथ सहयोग करने की आवश्यकता है।

V. क्षमता निर्माण

निष्कर्ष से पहले, मैं यह स्वीकार करना चाहूंगा कि वित्तीय प्रणाली में हम सभी से बहुत अपेक्षाएं हैं। इन अपेक्षाओं और अपने

व्यापक दायित्व को पूरा करने के लिए, हमें अपनी प्रभावशीलता में सुधार करना होगा। यह केवल तभी संभव है जब हमारे पास न केवल रिजर्व बैंक के भीतर विनियामक और पर्यवेक्षी क्षेत्रों में, बल्कि वित्तीय संस्थानों के भीतर भी कौशल का सही मिश्रण हो।

इसके अलावा, एक मजबूत वित्तीय प्रणाली के लिए पर्यवेक्षकों, विनियामकों और विनियमित संस्थाओं को एक-दूसरे से निरंतर प्रतिक्रिया प्राप्त करने और सीखने की आवश्यकता है।

विनियमित संस्थाओं को विनियामक अपेक्षाओं और आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से समझने की आवश्यकता है, विशेष रूप से, उन क्षेत्रों में जहां मॉडल, साझेदार, डेटा और डिजिटल वितरण नए प्रकार के जोखिम पैदा करते हैं। उन्हें विनियमन के सार को आत्मसात करना होगा और उसकी भावना का पालन करना होगा, न कि केवल खानापूर्ति वाली अनुपालन संस्कृति का। हमारा प्रयास यह होना चाहिए कि हम एक सामान्य समझ विकसित करें जिससे टकराव कम और परिणाम बेहतर हों।

पर्यवेक्षकों और विनियामकों को समय पर सुझाव और स्पष्टीकरण प्रदान करने की आवश्यकता है। पर्यवेक्षण का उद्देश्य न केवल मौजूदा नियमों को लागू करना है, बल्कि पर्यवेक्षण संबंधी कार्यों के दौरान देखी गई विनियामक कमियों और विसंगतियों को उजागर करके उन्हें परिष्कृत करने में भी मदद करना है। पिछले वर्ष सह-ऋण संबंधी दिशा-निर्देशों और सोने-चांदी के आभूषणों के बदले ऋण देने संबंधी संशोधन कुछ ऐसे हालिया उदाहरण हैं, जहां सभी हितधारकों से प्राप्त प्रतिक्रिया ने हमें नियमों को परिष्कृत करने में मदद की। यह प्रतिक्रिया प्रक्रिया केवल पर्यवेक्षण संबंधी कार्यों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसमें विनियामक या पर्यवेक्षी डेटा रिपोर्टिंग भी शामिल है।

हमें अपने सहभागिता और क्षमता निर्माण प्रयासों को तेज़ करने की आवश्यकता है। यहीं पर कॉलेज ऑफ सुपरवाइजर्स (सीओएस) जैसे संस्थान अमूल्य योगदान दे सकते हैं। सीओएस केवल एक प्रशिक्षण संस्थान नहीं है। यह निगरानी की एक साझा भाषा विकसित करने, केस स्टडी और व्यावहारिक परिदृश्यों से सीखने का एक मंच है। यह कौशल उन्नयन और रिजर्व बैंक तथा हमारे विनियमित संस्थानों के बीच सूचना के अंतर को पाटने के लिए एक मंच प्रदान करता है। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि आप सीओएस द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं का अधिक से अधिक उपयोग करें और सहयोग करें।

निष्कर्ष

अपने संबोधन के समापन में, मैं इस बात पर ज़ोर देना चाहता हूँ कि डिजिटल युग में भी विनियमन और पर्यवेक्षण की मूलभूत संरचना अपरिवर्तित बनी हुई है। ये आज भी जोखिम संवेदनशीलता के मार्गदर्शक सिद्धांत का पालन करते हैं। विनियमित संस्थाएँ आज भी अपने हितधारकों के हितों को सर्वोपरि मानती हैं। फिर भी, डिजिटलीकरण ने परिदृश्य को कई मायनों में बदल दिया है। मैं आपको कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार करने और चिंतन करने के लिए प्रेरित करना चाहता हूँ:

- सबसे पहले, विनियमन और पर्यवेक्षण जोखिम-आधारित, आनुपातिक और प्रौद्योगिकी-तटस्थ बने रहने चाहिए;
- दूसरा, प्रौद्योगिकी में अनुपालन को अंतर्निहित करना चाहिए, न कि उसे दरकिनार करना चाहिए; और
- तीसरा, जवाबदेही मानवीय बनी रहनी चाहिए, और स्वचालन को जवाबदेही को कमज़ोर नहीं करना चाहिए, बल्कि उसे और अधिक प्रभावी बनाना चाहिए।

मुझे पूरा विश्वास है कि दिन भर की आपकी चर्चाओं से विनियमन और पर्यवेक्षण में आवश्यक बदलावों के संबंध में उपयोगी अंतर्दृष्टि प्राप्त होगी, और हम अपने प्रमुख हितधारकों और समकक्षों के साथ सहयोग के लिए मजबूत मार्ग कैसे प्रशस्त कर सकते हैं, इस पर भी विचार किया जा सकेगा।

मैं इस सम्मेलन के आयोजन और मुझे अपने विचार साझा करने का अवसर देने के लिए सीओएस टीम का आभारी हूं। मैं आपको एक बेहद उपयोगी और सफल सम्मेलन की शुभकामनाएं देता हूं।

धन्यवाद। नमस्कार।

डिजिटल युग में बैंकिंग पर्यवेक्षण में मुद्दे और चुनौतियाँ

श्री स्वामीनाथन जे.

आदरणीय गवर्नर महोदय;

उप गवर्नर महोदय, श्री एस सी मुर्मू;

कॉलेज ऑफ सुपरवाइजर्स की अकादमिक परिषद के अध्यक्ष, श्री अरिजीत बसु; और सीओएस की अकादमिक परिषद के सदस्यगण;

सीओएस के निदेशक, श्री आर. सुब्रमणियन;

माननीय वक्तागण, पैनलिस्ट और विनियमित संस्थाओं के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ;

आरबीआई के मेरे साथी, देवियों और सज्जनों।

आप सभी को सुप्रभात। भारतीय रिज़र्व बैंक के कॉलेज ऑफ सुपरवाइजर्स के वार्षिक वैश्विक सम्मेलन के तीसरे संस्करण में आज आप सभी के साथ उपस्थित होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

जैसा कि हम सभी जानते हैं, बैंकिंग अधिक डिजिटल, अधिक संबद्ध और अधिक जटिल होती जा रही है। इसलिए, मैं इस अवसर का उपयोग इस विषय को एक कदम आगे ले जाने और यह बताने के लिए करूंगा कि "डिजिटल युग में पर्यवेक्षण" का हमारे लिए और पर्यवेक्षित संस्थाओं के लिए जमीनी स्तर पर क्या अर्थ है। हमारे प्रश्न कैसे बदलते हैं? हमारी भागीदारी कैसे बदलेगी, और इससे पहले कि अगली घटना प्रणाली की परीक्षा लें, हम बोर्डों और प्रबंधन से क्या अपेक्षा करते हैं?

पर्यवेक्षकों के लिए जमीनी स्तर पर क्या बदलाव आए हैं?

चलिए एक साधारण विचार से शुरुआत करते हैं। दशकों से, पर्यवेक्षकों को तुलन पत्र पढ़ना और प्रक्रियाओं का निरीक्षण करना सिखाया जाता रहा है। हम आज भी ऐसा करते हैं। लेकिन आज, एक बैंक कागजों पर पूरी तरह स्वस्थ दिख सकता है, फिर भी एक घटना से गंभीर व्यवधान की स्थिति में आ सकता है। इसका कारण यह है कि केंद्र बिंदु "शाखा और उत्पाद" से हटकर "प्रणाली और कोड" की ओर स्थानांतरित हो रहा है। दूसरे शब्दों में, स्थिरता अब पूंजी और चलनिधि के साथ-साथ परिचालन आघात-सहनीयता, डेटा अखंडता और तृतीय-पक्ष निर्भरता पर भी उतनी ही निर्भर करती है।

इसलिए मैं इस बात पर ध्यान देना चाहूंगा कि डिजिटल युग में जोखिम परिदृश्य कैसे बदल गया है:

ए. पहला है **गति**। डिजिटल दुनिया में, विकास और तनाव दोनों तेजी से फैल सकते हैं। ग्राहक अधिग्रहण तेजी से हो सकता है, लेकिन गलत सूचना, घबराहट और बहिर्वाह भी उतनी ही तेजी से बढ़ सकते हैं। जो जोखिम पहले हफ्तों में बनते थे, वे अब घंटों में सामने आ सकते हैं। इसका मतलब है कि पर्यवेक्षी प्रतिक्रिया चक्र को शीघ्र प्रतिक्रिया, त्वरित अनुवर्ती कार्रवाई और स्पष्ट वृद्धि के साथ और सख्त करना होगा।

बी. दूसरा, **एकाग्रता और परस्पर निर्भरता**। कई संस्थान एक ही मुख्य सेवा प्रदाताओं, क्लाउड प्लेटफॉर्म, भुगतान प्रणालियों, डेटा विक्रेताओं और साइबर सुरक्षा उपकरणों पर निर्भर हो सकते हैं। इससे एक नए प्रकार का साझा जोखिम उत्पन्न होता है। यह पारंपरिक वित्तीय अनुपातों में हमेशा स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देता, लेकिन यह बहुत वास्तविक है। पर्यवेक्षण के लिए, हमें निर्भरताओं का अधिक सक्रिय रूप से विश्लेषण करने और केवल व्यक्तिगत संस्थान स्तर पर नहीं बल्कि पारितंत्र स्तर पर एकाग्रता जोखिम का आकलन करने की आवश्यकता है।

सी. तीसरा, **एल्गोरिदम की बढ़ती भूमिका**। एआई और मशीन लर्निंग क्रेडिट अंडरराइटिंग, धोखाधड़ी का पता लगाने, ग्राहक सेवा, ट्रेजरी और यहां तक कि आंतरिक नियंत्रण कार्यों में भी प्रवेश कर रहे हैं। इससे दक्षता में सुधार होता है, लेकिन जवाबदेही, व्याख्यात्मकता और निष्पक्षता के नए प्रश्न भी उठते हैं। पर्यवेक्षकों को एक साधारण प्रश्न पूछने में सक्षम होना चाहिए, और संस्थाओं को इसका उत्तर देने में सक्षम होना चाहिए कि जब कोई मॉडल किसी निर्णय को संचालित करता है, तो उसके परिणाम का दायित्व किसका होता है?

---

* भारतीय रिज़र्व बैंक के उप गवर्नर श्री स्वामीनाथन जे द्वारा शुक्रवार, 9 जनवरी, 2026 को कॉलेज ऑफ सुपरवाइजर्स, आरबीआई, मुंबई के तीसरे वार्षिक वैश्विक सम्मेलन में दिया गया भाषण।

डी. चौथा तत्त्व **खतरे का विस्तारित दायरा और साइबर जोखिम है** । डिजिटल बैंकिंग से प्रवेश के बिंदु बढ़ जाते हैं, और विरोधी अब कोई यादृच्छिक हैकर नहीं रह गया है। यह अक्सर संगठित, अच्छी तरह से वित्तपोषित और निरंतर होता है। भले ही, बैंक के आंतरिक नियंत्रण कितने भी मजबूत हों, किसी विक्रेता, भागीदार या सामान्य प्रौद्योगिकी घटक में आई कमजोरी का असर बैंक के अन्य घटकों पर भी पड़ सकता है। आघात सहनीयता और पुनर्प्राप्ति क्षमता को मूलभूत कौशल के रूप में देखा जाना चाहिए।

ई. अंत में, और शायद सबसे महत्वपूर्ण बात, **डिजिटल माध्यम में व्यवहार संबंधी जोखिम** मौजूद हैं। डिजिटल ऋण, अंतर्निहित वित्त और प्लेटफॉर्म-आधारित वितरण ने पहुंच और सुविधा में उल्लेखनीय सुधार किया है। लेकिन हमने गलत बिक्री, अपारदर्शी शुल्क, आक्रमक वसूली प्रथाओं और डेटा के दुरुपयोग के जोखिम भी देखे हैं। डिजिटल वातावरण में, ग्राहक को होने वाला नुकसान जल्दी ही विश्वास का मुद्दा बन सकता है, और यह तेजी से चलनिधि के मुद्दे में तब्दील हो सकता है।

पर्यवेक्षण की प्रतिक्रिया कैसी होनी चाहिए: उपकरणों से पहले सिद्धांत

अब मैं पर्यवेक्षण की प्रतिक्रिया पर आता हूँ। हमें निश्चित रूप से बेहतर उपकरणों की आवश्यकता है, लेकिन हमें कुछ मूलभूत सिद्धांतों से शुरुआत करनी होगी जो प्रौद्योगिकी के विकास के बावजूद पर्यवेक्षण को आधार प्रदान करते हैं।

पहला सिद्धांत प्रौद्योगिकी-तटस्थ, जोखिम-आधारित पर्यवेक्षण है। हमें गतिविधियों और जोखिमों का विनियमन और पर्यवेक्षण करना चाहिए, न कि प्रौद्योगिकी ब्रांड नामों का। नवाचार बदलता रहेगा। हमारे उद्देश्य नहीं बदलते और मानवीय निर्णय का कोई वास्तविक विकल्प नहीं है।

दूसरा सिद्धांत है आनुपातिकता। हर संस्था की जटिलता, प्रणालीगत प्रभाव या प्रौद्योगिकी परिपक्वता एक जैसी नहीं होती। साइबर सुरक्षा हाइजिन, डेटा संरक्षण और अनुशासन जैसे बुनियादी नियंत्रणों के लिए, अपेक्षाओं को कम किए बिना पर्यवेक्षी दृष्टिकोण जोखिम-आधारित, संतुलित और आनुपातिक होना चाहिए।

तीसरा सिद्धांत है स्पष्ट जवाबदेही। डिजिटल प्रणालियाँ बैंक, विक्रेता, फिनटेक भागीदार आदि के बीच जिम्मेदारी को विभाजित कर सकती हैं। पर्यवेक्षण दृष्टिकोण स्पष्ट होना चाहिए: पर्यवेक्षित इकाई अपने नाम और अपने नियमों के तहत की गई गतिविधियों के लिए जवाबदेह बनी रहती है।

चौथा सिद्धांत है भविष्योन्मुखी पर्यवेक्षण। तेजी से बदलते परिवेश में, अतीत-उन्मुख अनुपालन जाँच आवश्यक हैं, लेकिन पर्याप्त नहीं हैं। हमें कमजोर संकेतों को जल्द पहचानने, घटनाओं के घटित होने से पहले लचीलेपन का परीक्षण करने और कमजोरियों के घटना बनने से पहले हस्तक्षेप करने में सक्षम होना होगा।

पर्यवेक्षण के नए ध्यानयोग्य क्षेत्र

ये सिद्धांत नए नहीं हैं। नया है इनके प्रति आवश्यक पर्यवेक्षण का दृष्टिकोण। पर्यवेक्षण को आवधिक अवलोकन से हटकर निरंतर जागरूकता पर केंद्रित होना चाहिए। इसे किसी एक संस्था तक सीमित न रहकर इसके समग्र पारितंत्र का व्यापक अवलोकन करना होगा। अंत में, हमें केवल "क्या आपने अनुपालन किया?" पूछने के बजाय यह भी पूछना होगा कि "क्या आप दबाव का सामना कर सकते हैं, शीघ्रता से उबर सकते हैं और गड़बड़ी होने पर ग्राहकों की सुरक्षा कर सकते हैं?"

आइए, मैं इस दृष्टिकोण को चार महत्वपूर्ण पर्यवेक्षण क्षेत्रों में विभाजित करूँ जो डिजिटल युग में केंद्रीय महत्व रखते हैं:

i. परिचालन लचीलापन और साइबर तत्परता,

ii. पारितंत्र और तृतीय-पक्ष निर्भरताएँ,

iii. डेटा, मॉडल और एआई का अनुशासन, और

iv. प्रौद्योगिकी-आधारित, निरंतर पर्यवेक्षण, जिसमें सुपटेक और एनालिटिक्स का बेहतर उपयोग शामिल है।

परिचालन लचीलापन और साइबर तत्परता

पहला बदलाव परिचालन संबंधी बाधाओं को देखने के हमारे दृष्टिकोण में है। अतीत में, परिचालन जोखिम को अक्सर सहायक कार्य संबंधी समस्या के रूप में देखा जाता था। डिजिटल दुनिया में, यह मुख्य घटना बन सकता है। कुछ घंटों का व्यवधान, एक गंभीर साइबर घटना, या किसी प्रमुख सेवा प्रदाता में खराबी महत्वपूर्ण सेवाओं को बाधित कर सकती है।

इसके लिए साइबर अनुशासन, संकटकालीन कार्ययोजना, पुनर्प्राप्ति क्षमता और आकस्मिक विफलताओं से सीखने के संबंध में बोर्ड और वरिष्ठ प्रबंधन के साथ गहन जुड़ाव की आवश्यकता है। इसका अर्थ यह भी है कि दबाव में निर्णय लेने की क्षमता का परीक्षण करने वाले सिमुलेशन किए जाएं, न कि केवल दस्तावेज़ीकरण।

पारितंत्र और तृतीय-पक्ष निर्भरता

दूसरा मुख्य क्षेत्र पर्यवेक्षित इकाई के आसपास का पारितंत्र है। क्लाउड प्रदाताओं, प्रौद्योगिकी विक्रेताओं, भुगतान मध्यस्थों, आउटसोर्स सेवा केंद्रों, फिनटेक भागीदारों और डेटा सेवा प्रदाताओं द्वारा महत्वपूर्ण कार्य संचालित किए जा सकते हैं। प्रणाली सामूहिक रूप से, कुछ सामान्य विफलता बिंदुओं के प्रति संवेदनशील हो सकती है।

सीमा पार तत्व एक और जटिलता जोड़ता है। कई प्रदाता वैश्विक स्तर पर काम करते हैं, और घटनाएं क्षेत्राधिकार की सीमाओं का सम्मान नहीं करतीं। जुलाई 2024 में वैश्विक आईटी व्यवधान एक उपयोगी सबक रहा है। यह सबक किसी एक फर्म के बारे में नहीं है, बल्कि कैसे तृतीय-पक्ष घटनाएं बड़े पैमाने पर व्यवधान उत्पन्न कर सकती हैं इससे संबंधित हैं जिसमें सुव्यवस्थित संस्थान भी शामिल हैं। इसके लिए पर्यवेक्षकों के बीच लगभग वास्तविक समय में सहयोग की आवश्यकता है।

डेटा, मॉडल और एआई का अनुशासन

तीसरा मुख्य क्षेत्र एआई सहित डेटा-संचालित निर्णय लेने का प्रारंभ है। पर्यवेक्षी दृष्टिकोण से, प्रश्न यह नहीं है कि कोई बैंक एआई का उपयोग करता है या नहीं। प्रश्न यह है कि क्या वह इसके उपयोग के संबंध में अनुशासन और जवाबदेही प्रदर्शित कर सकता है।

दो मुद्दे विशेष ध्यान देने योग्य हैं। एक है विक्रेता मॉडल और अंतर्निहित उपकरणों पर निर्भरता, जिसमें संस्थान अंतर्निहित इंजन को पूरी तरह से समझे बिना आउटपुट का उपयोग कर सकता है। दूसरा है निष्पक्षता और अनपेक्षित बहिष्करण, जहां डेटा प्रॉक्सी ऐसे परिणाम उत्पन्न कर सकते हैं जो कुशल प्रतीत होते हैं लेकिन अस्वीकार्य हैं। अनुशासन ही वह है जो नवाचार को सुरक्षित रूप से विस्तारित करने की अनुमति देता है।

प्रौद्योगिकी-सक्षम निरंतर पर्यवेक्षण

चौथा मुख्य क्षेत्र पर्यवेक्षी परिवर्तन स्वत: ही है। यदि बैंकिंग हमेशा चालू रहने वाली प्रणाली बन रही है, तो पर्यवेक्षण छिटपुट नहीं रह सकता। इसके लिए ऑनसाइट और ऑफसाइट दलों को अधिक निकटता से मिलकर काम करने, प्रारंभिक संकेतों को पहचानने और त्वरित अनुवर्ती कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

सुपटेक पर्यवेक्षकों को प्रारंभिक चरण में ही पैटर्न पहचानने, विसंगतियों का पता लगाने और सबसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित करने में मदद कर सकता है। लेकिन डेटा गुणवत्ता और डेटा प्रबंधन अत्यंत महत्वपूर्ण बने हुए हैं। बेहतर डेटा गुणवत्ता और सही विश्लेषण के साथ, पर्यवेक्षक विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर सकते हैं।

ग्राहकों पर अधिक ध्यान केंद्रित करना: एक प्रारंभिक चेतावनी संकेतक के रूप में शिकायत निवारण

निष्कर्ष से पहले, मैं एक और बिंदु जोड़ना चाहूंगा: ग्राहक सेवा और शिकायत निवारण।

डिजिटल वातावरण में, एक कमजोर शिकायत प्रणाली मामूली परेशानी नहीं है। यह अक्सर एक प्रारंभिक चेतावनी होती है। पर्यवेक्षण के दृष्टिकोण से, हमें न केवल यह देखना होगा कि किसी बैंक के पास शिकायत निवारण ढांचा है या नहीं, बल्कि यह भी देखना होगा कि वह कैसा प्रदर्शन करता है। क्या शिकायतों का समय पर समाधान किया जाता है? क्या संस्थान मूल कारणों की पहचान करके उनका समाधान करते हैं, या वे केवल कागजी तौर पर ही उनका समाधान करते हैं? क्या बोर्ड को शिकायत के रुझान, बार-बार होने वाली विफलताओं और ग्राहकों की समस्याओं का स्पष्ट डैशबोर्ड दिखाई देता है? और क्या उनका समाधान सक्रिय और त्वरित तरीके से किया जाता है?

एक परिपक्व डिजिटल वित्तीय प्रणाली में शून्य शिकायतें नहीं होतीं। इसके बजाय, यह जल्दी सीखती और समस्याओं का समाधान करती हैं तथा ग्राहक इधर-उधर भटके बिना उचित समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

निष्कर्ष

मैं संक्षेप में यह बताकर अपनी बात समाप्त करना चाहता हूँ कि पर्यवेक्षित संस्थाओं और उनके पर्यवेक्षकों के लिए डिजिटल युग का अर्थ क्या है।

पर्यवेक्षित संस्थाओं के लिए तीन संदेश महत्वपूर्ण हैं:

i. पहला, अनुपालन को तिमाही के अंत की गतिविधि नहीं माना जा सकता। तेज़ चक्रों के साथ, बैंकों को पूरे

वर्ष सुदृढ़ परिचालन अनुशासन और डेटा प्रबंधन की आवश्यकता होगी। जब कोई विसंगति पाई जाती है, तो उसे समझने और शीघ्रता से ठीक करने की क्षमता नियंत्रण परिपक्वता का सूचक बन जाती है।

ii. दूसरा, तृतीय-पक्ष प्रबंधन को जोखिम प्रबंधन के रूप में माना जाना चाहिए। संस्थानों को साझेदारों की बेहतर निगरानी, घटनाओं के लिए स्पष्ट जवाबदेही और लेखापरीक्षा, पहुँच और आघात सहनीयता का समर्थन करने वाले अनुबंधों की आवश्यकता होगी। विनियमित इकाई जिम्मेदारी को आउटसोर्स नहीं कर सकती।

iii. तीसरा, जैसे-जैसे एआई और एनालिटिक्स अधिक एकीकृत होते जा रहे हैं, संस्थानों को मॉडल जोखिम, व्याख्यात्मकता और निष्पक्षता पर अधिक गहन पर्यवेक्षी प्रश्नों के लिए तैयार रहना चाहिए।

पर्यवेक्षकों के लिए भी अपेक्षाएँ बढ़ रही हैं। हमें बुनियादी बातों पर ध्यान केंद्रित रखते हुए नए जोखिम क्षेत्रों से अधिक परिचित होने की भी आवश्यकता है। इसका अर्थ है, मूलभूत विवेकपूर्ण निर्णय क्षमता के साथ-साथ साइबर, आईटी, डेटा और मॉडल विशेषज्ञता सहित कौशलों का सही मिश्रण विकसित करना है।

यहीं पर पर्यवेक्षकों के महाविद्यालय की भूमिका केंद्रीय हो जाती है। महाविद्यालय केवल प्रशिक्षण कार्यक्रमों तक सीमित नहीं है। यह एक साझा पर्यवेक्षण भाषा विकसित करने, मामले पर कार्य और सिमुलेशन के माध्यम से व्यावहारिक दक्षता प्राप्त करने और नए क्षेत्रों में सही प्रश्न पूछने का आत्मविश्वास विकसित करने के बारे में है।

विशेष रूप से वैश्विक दक्षिण के पर्यवेक्षकों के लिए सहकर्मी शिक्षण मंच के रूप में महाविद्यालय की एक व्यापक भूमिका भी है। कई क्षेत्राधिकार समान चुनौतियों जैसे तीव्र डिजिटलीकरण, प्रथम ग्राहक, प्लेटफ़ॉर्म-आधारित वितरण और तेजी से बदलते खतरे के परिदृश्य का सामना कर रहे हैं। क्या कारगर है और क्या नहीं इसपर व्यावहारिक अनुभव साझा करना, पर्यवेक्षण प्रभावशीलता बढ़ाने के सबसे तेज़ तरीकों में से एक है।

अंत में, क्षमता निर्माण एक बार का प्रयास नहीं है। प्रौद्योगिकी और व्यावसायिक मॉडल लगातार विकसित होते रहेंगे। खतरे पैदा करने वाले कारक भी लगातार अनुकूलन करते रहेंगे। हमारे प्रशिक्षण और पर्यवेक्षण विधियों को भी लगातार विकसित होना चाहिए।

मैं अपनी बात समाप्त करना चाहता हूँ। डिजिटल युग में, पर्यवेक्षण को विवेकपूर्ण बने रहना चाहिए, लेकिन साथ ही अधिक सतर्क, पारितंत्र के प्रति अधिक जागरूक और अधिक परिणाम-केंद्रित भी होना चाहिए। इसका उद्देश्य नवाचार को रोकना नहीं है। बल्कि, यह सुनिश्चित करना है कि नवोन्मेष विश्वास, आघात सहनीयता और ग्राहक निष्पक्षता पर आधारित हो।

मुझे विश्वास है कि इस सम्मेलन में हुई चर्चाएँ इन मुद्दों पर हमारी सोच को और अधिक स्पष्ट करने में सहायक होंगी। आप सभी को एक सफल सम्मेलन की शुभकामनाएँ देता हूँ और मैं विचार-विमर्श को सुनना चाहता हूँ। धन्यवाद। जय हिंद।

डिजिटल युग में विनियमन – मुद्दे, अवसर और चुनौतियाँ

श्री शिरीष चंद्र मुर्मू

सम्मानित अतिथिगण और मेरे साथियों, नमस्कार और बहुत बहुत शुभकमनाएं! 'डिजिटल युग के अनुरूप विनियमन और पर्यवेक्षण' विषय पर आयोजित कॉलेज ऑफ सुपरवाइजर्स के तीसरे वार्षिक वैश्विक सम्मेलन में इस प्रतिष्ठित सभा को संबोधित करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

डिजिटलीकरण ने दक्षता और उत्पादकता में संवृद्धि, बेहतर पारदर्शिता, प्रतिस्पर्धा में वृद्धि और वित्तीय सेवाओं तक व्यापक पहुंच जैसे महत्वपूर्ण लाभ प्रदान किए हैं। साथ ही, यह जोखिमों की नई श्रेणियां भी बना रहा है और परिचित जोखिमों को अपरिचित तरीकों से नया रूप दे रहा है, जिससे उनका संचरण, दृश्यता और नियंत्रणीयता बदल रही है। डिजिटल तकनीक उत्पादों, प्लेटफार्मों या प्रक्रियाओं से परे जाकर संगठनात्मक संरचनाओं, साझेदारियों और सूचना प्रवाह तक पहुंच गई है, और बढ़ी हुई गति और पैमाने के साथ, जोखिमों के उभरने और फैलने के तरीके और विश्वास के निर्माण या ह्रास के तरीके को मौलिक रूप से बदल रही है। ये बदलाव विनियामकों को अपने विनियामक दृष्टिकोणों की परिचालन मान्यताओं पर पुनर्विचार करने के लिए बाध्य करते हैं। वित्तीय स्थिरता का आधार स्तंभ, विश्वास, तेजी से डिजिटल चैनलों के माध्यम से मजबूत हो रहा है, जिससे विनियामकों के सामने नवाचार और जोखिम के बीच संतुलन बनाने की चुनौती खड़ी हो गई है।

इसी आधार पर, मैं सबसे पहले डिजिटलीकरण से विनियामकों के सामने आने वाले कुछ मुद्दों और चुनौतियों पर चर्चा करूंगा, और फिर अधिक प्रभावी और दूरदर्शी विनियामक दृष्टिकोण विकसित करने के अवसरों पर बात करूंगा। अंत में, मैं कुछ मार्गदर्शक सिद्धांतों की रूपरेखा प्रस्तुत करूंगा, जो मेरे विचार से डिजिटल युग में विनियमन का आधार होनी चाहिए।

I. डिजिटल युग में विनियमन के लिए मुद्दे और चुनौतियाँ

ए. विनियामकीय तत्परता

डिजिटलीकरण ने वित्त में समय के आयाम को संकुचित कर दिया है। लेन-देन तुरंत निपटाए जाते हैं, सेवाएं निरंतर संचालित होती हैं, और भुगतान, ऋण और बाजारों से संबंधित निर्णय मशीन की गति से स्वचालित रूप से निष्पादित होते हैं। इससे प्रारंभिक चेतावनी और वास्तविक प्रभाव के बीच उपलब्ध समय कम हो गया है; साथ ही, पारंपरिक संकेतकों द्वारा सार्थक गिरावट दर्ज किए जाने से पहले ही परिचालन संबंधी घटनाएं, धोखाधड़ी या विश्वास की हानि तेजी से बढ़ सकती है। तदनुसार, विनियामक प्रक्रियाएं जो पारंपरिक रूप से रिपोर्टिंग चक्रों और घटना-पश्चात सुधार पर आधारित हैं, उन्हें भी विनियामकीय निर्णय की विवेकशीलता और गुणवत्ता का त्याग किए बिना सक्रिय पहचान और चुस्त हस्तक्षेप की ओर विकसित होना चाहिए।

नए अनुप्रयोग और व्यावसायिक मॉडल तेजी से उभर रहे हैं, जिससे विनियामकों के लिए विनियामकीय प्रतिक्रिया की उपयुक्तता और गति पर चुनौतियां खड़ी हो रही हैं। विनियमों में बार-बार बदलाव अनिश्चितता और अनुपालन में अधिक परिश्रम पैदा कर सकते हैं, जबकि विलंबित अनुकूलन से महत्वपूर्ण गतिविधियों को अपर्याप्त रूप से संबोधित किए जाने का जोखिम रहता है। इसलिए विनियमन को स्थायित्व और प्रतिक्रियाशीलता के बीच एक इष्टतम संतुलन बनाए रखना चाहिए।

बी. विनियामक परिधि और विखंडन

डिजिटलीकरण से पारंपरिक विनियामक सीमाएं भी धुंधली हो रही हैं। कई वित्तीय गतिविधियां अब गैर-वित्तीय प्लेटफार्मों और व्यवस्थाओं के माध्यम से संचालित की जा रही हैं, जिनमें विनियमित और गैर-विनियमित दोनों संस्थाएं शामिल हैं, जो आरबीआई के मौजूदा विनियामक दायरे में सही तरह से नहीं आती हैं। ऐसी गतिविधियों की निगरानी अक्सर कई वित्तीय

---

* 9 जनवरी, 2026 को मुंबई में आयोजित 'डिजिटल युग के अनुरूप विनियमन और पर्यवेक्षण' विषय पर भारतीय रिज़र्व बैंक के पर्यवेक्षक महाविद्यालय के तीसरे वार्षिक वैश्विक सम्मेलन में भारतीय रिज़र्व बैंक के उप गवर्नर श्री शिरीष चंद्र मुर्मू द्वारा दिया गया विशेष संबोधन। चांदनी त्रेहन सलूजा और भारद्वाज बंटू द्वारा प्रदान किए गए इनपुट के लिए हम उनके आभारी हैं।

और गैर-वित्तीय नियामकों के बीच विखंडित होती है, और किसी भी एक प्राधिकरण के पास पूरी गतिविधि शृंखला और जोखिम संचरण मार्गों का व्यापक, संपूर्ण अवलोकन नहीं होता है। इसलिए, व्यक्तिगत जनादेशों के तहत की गई विनियामक कार्रवाइयां अलग-अलग रूप से तो सही हो सकती हैं, लेकिन ऐसे व्यापक जोखिमों का सामूहिक रूप से पूरी तरह से समाधान नहीं कर सकती हैं।

चुनौती यह है कि विशिष्ट क्षेत्र-आधारित विनियामक ढाँचे सुसंगत बने रहें जब डिजिटल वित्तीय गतिविधियाँ जानबूझकर इन क्षेत्रों को प्रभावित करती हैं। इसे दर्शाते हुए, अंतरराष्ट्रीय अनुभव यूरोपीय संघ में डिजिटल ऑपरेशनल रेजिलिएंस एक्ट[1] जैसे विनियामक पहुँच के कानूनी रूप से स्थापित विस्तार से लेकर सिंगापुर के साइबर और टेक्नोलॉजी रेजिलिएंस एक्सपर्ट्स (सीटीआरईएक्स) पैनल[2] जैसे उद्योग विशेषज्ञों के साथ सहयोगात्मक मंचों तक विभिन्न पहुँच के विस्तार/सीमा का संकेत देता है। आरबीआई ने एक हाइब्रिड दृष्टिकोण अपनाया है जो क्रेडिट और डेबिट कार्ड पर निर्देश जैसे गतिविधि-आधारित तत्वों और विवेकपूर्ण मानदंड जैसे इकाई-आधारित तत्वों को एकीकृत करता है, ताकि इसके निगरानी तंत्रों की मजबूती सुनिश्चित हो सके।[3] यह वित्तीय समूहों के पर्यवेक्षण के लिए ढाँचे[4], गैर-वित्तीय होल्डिंग कंपनियों के लिए निर्देश[5] और वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद[6] के तत्वावधान में अंतर-विनियामक मंचों जैसे तत्वों द्वारा पूरक है, जो वित्तीय स्थिरता के परिप्रेक्ष्य से जोखिमों के संयुक्त मूल्यांकन में सहायता करते हैं। विभिन्न क्षेत्राधिकारों में विखंडन डिजिटल वित्तीय गतिविधियों की निगरानी को और भी जटिल बना देता है। कानूनी ढाँचों, संस्थागत जनादेशों और घरेलू नीति प्राथमिकताओं में अंतर से अलग-अलग विनियामक दृष्टिकोण उत्पन्न हो सकते हैं जो विनियामक मध्यस्थता और असमान जोखिम प्रबंधन के लिए गुंजाइश पैदा कर सकते हैं, जिससे प्रभावी सीमा पार सहयोग के महत्व पर जोर दिया जा सकता है[7]।

सी. विनियमन की प्रकृति

अक्सर यह देखा जाता है कि प्रौद्योगिकियों और व्यावसायिक मॉडलों के विकास के साथ निर्देशात्मक नियम असंगत हो जाते हैं। इसके विपरीत, सिद्धांत-आधारित विनियमन यदि सुदृढ़ अनुशासन और पर्यवेक्षी सहभागिता द्वारा समर्थित न हो, तो व्याख्या और असमान अनुप्रयोग की गुंजाइश पैदा करते हैं[8]। विनियामकों के सामने, विशेष रूप से डिजिटल प्रौद्योगिकियों के संबंध में, चुनौती विनियमन को इस प्रकार समायोजित करने में है कि उसमें कठोरता के बिना स्पष्टता और अस्पष्टता के बिना लचीलापन हो। जैसा कि अंतरराष्ट्रीय अनुभव से पता चलता है, सिद्धांत-आधारित विनियमन, एक परिपक्व उद्योग के साथ जिसमें सुदृढ़ अनुशासन संरचनाएं हों, विनियामकों की उद्योग के साथ निरंतर सहभागिता हो, बेहतर पर्यवेक्षण और उपयुक्त प्रवर्तन हो, तो यह अधिक सफल परिणाम देता है।

डी. वित्तीय स्थिरता

क्लाउड और विकेंद्रीकृत वित्त के उपयोग जैसे डिजिटल नवाचार, प्रौद्योगिकी प्रदाताओं जैसी अनियमित संस्थाओं के साथ बढ़ती अंतर्संबंधता, एकल विफलता बिंदु, अंतर्निहित व्यवस्थाओं की अस्पष्टता और कमज़ोर जवाबदेही के कारण नए और संभावित रूप से प्रणालीगत जोखिम पैदा करते हैं। चूंकि प्रणालीगत अस्थिरता किसी एक संस्था के असुरक्षित दिखाई दिए बिना भी उभर सकती है, इसलिए विनियामकों को संस्था-स्तरीय सुदृढ़ता से परे जाकर एकाग्रता, सीमित प्रतिस्थापन क्षमता और व्यापक रूप से निर्भर सेवाओं के बाधित होने पर व्यवधान की संभावना जैसे प्रणालीगत प्रभावों पर ध्यान देना आवश्यक है।

वित्तीय उद्योग में मॉडल, एल्गोरिदम और कोड के बढ़ते उपयोग से परिणामों के निर्माण का तरीका बदल रहा है। हालांकि, इनकी सीमाएं, जैसे कि व्याख्यात्मकता, अंतर्निहित पूर्वाग्रह और मॉडल विचलन, तुरंत स्पष्ट नहीं हो सकती हैं और ये

[1] https://www.eiopa.europa.eu/digital-operational-resilience-act-dora_en

[2] https://www.mas.gov.sg/who-we-are/mas-advisory-panels-and-committees/cyber-and-technology-resilience-experts-panel

[3] https://www.rbi.org.in/Scripts/BS_SpeechesView.aspx?Id=1519

[4] https://rbi.org.in/Upload/AnnualReport/Docs/56244.doc

[5] https://www.rbi.org.in/Scripts/NotificationUser.aspx?Id=13213&Mode=0

[6] https://dea.gov.in/files/inline-documents/FSCS.pdf

[7] अंतरराष्ट्रीय विनियामक सहयोग – ओईसीडी द्वारा नीति संक्षिप्त, अप्रैल 2020।

[8] https://www.fsb.org/uploads/P160724-2.pdf और https://www.bis.org/fsi/fsipapers19.pdf

केवल तभी उभर सकती हैं जब ये प्रौद्योगिकियां व्यापक स्तर पर उपयोग में लाई जाएं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उत्तरदायी और नैतिक सशक्तिकरण के लिए फ्रेमवर्क पर समिति (एफआरईई-एआई)[9] की रिपोर्ट जैसे व्यापक ढांचा सहायक हो सकता है, लेकिन इसे उचित विनियमन में परिवर्तित करने की आवश्यकता है, जिसमें अंतर्निहित सिद्धांत यह हो कि ऐसी प्रौद्योगिकियों के उपयोग से उत्पन्न जवाबदेही विनियमित संस्था की हो।

ई. परिचालनगत आघात-सहनीयता

आज की वित्तीय प्रणाली में डेटा एक प्रमुख आस्ति बन गया है। वित्तीय संस्थान बड़ी मात्रा में संवेदनशील व्यक्तिगत और लेनदेन संबंधी जानकारी एकत्र और संसाधित करते हैं, जिससे वे साइबर हमलों के लिए तेजी से आकर्षक लक्ष्य बन गए हैं। प्रतिरूपण, मनगढ़ंत पहचान और कृत्रिम सामग्री जैसी धोखाधड़ी वाली गतिविधियों के लिए प्रौद्योगिकियों के उपयोग से स्थिर पहचान और परिचित पैटर्न पर निर्भर पारंपरिक जाँचों की विश्वसनीयता कम हो रही है। चुनौती यह है कि नवाचार को बढ़ावा देने वाले नियमों को लागू किया जाए, साथ ही परिचालन आघात-सहनीयता के लिए सुरक्षा उपायों को बढ़ाया जाए, आरबीआई द्वारा जारी परिचालन जोखिम और आघात-सहनीयता पर मार्गदर्शन नोट[10] इसका एक अच्छा उदाहरण है।

विनियामकों के लिए एक और उभरती चुनौती सूचना की सत्यता है, क्योंकि डिजिटल प्लेटफॉर्म सटीक या विकृत, पूर्ण या अपूर्ण, किसी भी प्रकार की जानकारी को तेजी से प्रसारित करने में सक्षम बनाते हैं। विकृत जानकारी उपभोक्ता व्यवहार और बाजार की भावना को प्रभावित कर सकती है, संभवत: जिससे तनाव और संक्रमण बढ़ सकता है। ऐसे वातावरण में, हितधारकों का विश्वास बनाए रखने के लिए स्पष्ट, लक्षित और समय पर विनियामक संचार का महत्व और भी बढ़ जाता है।

एफ. क्षमता

डिजिटलीकरण ने विनियामक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मुद्दों के दायरे और जटिलता को काफी हद तक बढ़ा दिया है। विनियामक निर्णय के लिए प्रौद्योगिकी-आधारित व्यावसायिक मॉडलों, डेटा-संचालित निर्णय प्रणालियों, डिजिटल परिचालन प्रक्रियाओं और तेजी से विकसित हो रहे जोखिम संचरण चैनलों को समझना आवश्यक हो गया है, जिससे विनियामक क्षमता पर निरंतर दबाव बना रहता है। विनियामकों को सक्रिय रूप से प्रतिभा को आकर्षित करना, बनाए रखना और प्रभावी ढंग से तैनात करना चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विनियामक दलों में विशेषज्ञता अच्छी तरह से समाहित हो।

II. डिजिटल युग में विनियमन के अवसर

डिजिटल युग में विनियमन के लिए चुनौतियां पैदा करने वाले कारक ही विनियामकों के लिए अवसर भी पैदा करते हैं, जिससे वे अपनी पहुंच का विस्तार करके नहीं, बल्कि जोखिमों के अवलोकन, मूल्यांकन और समाधान के तरीकों में सुधार करके अपने दृष्टिकोण का निरंतर मूल्यांकन और अनुकूलन कर सकते हैं।

ए. सक्रिय विनियमन

डिजिटल वित्तीय गतिविधि लेन-देन, संचालन और चैनलों में बारीक, उच्च-आवृत्ति वाली जानकारी उत्पन्न करती है, जिससे उभरते मुद्दों, जैसे कि प्रारंभिक तनाव, असामान्य व्यवहार या नियंत्रणों में गिरावट, का प्रारंभिक और गहन विनियामक मूल्यांकन करने का अवसर मिलता है, जिससे विनियामक हस्तक्षेपों को समयबद्ध और समायोजित करने में मदद मिलती है। आरबीआई का मशीन लर्निंग टूल-MuleHunter.ai डिजिटल पारितंत्र को प्रभावित करने वाले फर्जी बैंक खातों की समस्या से निपटने के लिए किए गए उसके डिजिटल हस्तक्षेप का एक उदाहरण है।[11]

बी. प्रणाली-व्यापी दृश्यता

जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है, डिजिटल युग के कई जोखिम साझा निर्भरताओं, सामान्य प्रौद्योगिकी विकल्पों और परस्पर जुड़े बुनियादी ढांचे के माध्यम से उत्पन्न होते हैं। डेटा उपलब्धता और विश्लेषणात्मक उपकरणों में प्रगति का उपयोग विनियामकों द्वारा निर्भरताओं और अंतर्संबंधों की इन जटिल शृंखलाओं को देखने, महत्वपूर्ण बिंदुओं की पहचान करने और एकाग्रता एवं अन्य परस्पर संबंधित जोखिमों का आकलन करने के लिए किया जा सकता है। यह न केवल जोखिम का अधिक सुसंगत दृष्टिकोण रखने में मदद करता है बल्कि भले ही व्यक्तिगत संस्थाएं लचीली प्रतीत हों; प्रणाली-व्यापी व्यवधानों

[9] https://rbidocs.rbi.org.in/rdocs/PublicationReport/Pdfs/FREEAIR130820250A24FF2D4578453F824C72ED9F5D5851.PDF

[10] https://rbidocs.rbi.org.in/rdocs/Content/PDFs/OPERATIONAL28112025BA9ABE54217D47C89EAEAEA9A649ED11.PDF

[11] https://rbihub.in/projects/mulehunter

का पूर्वानुमान लगाने में और इस तरह की बाधाओं के द्वितीयक प्रभावों जैसे कि साइबर घटना के कारण उत्पन्न होनेवाले चलनिधि संकट का आकलन करने में भी मदद करता है।

सी. विनियामकीय समायोजन

डिजिटलीकरण से नियामकों को अधिक अनुकूलनशील बनने का अवसर मिलता है। डिजिटल उपकरणों के माध्यम से सुविधायुक्त गतिविधियों, जोखिमों और जोखिम कारकों की एक विस्तृत समझ प्राप्त होती है, जिससे आनुपातिकता को अधिक सटीकता के साथ लागू करने का अवसर मिलता है। साथ ही, डिजिटल उपकरण विनियामकों को घटनाओं, आकस्मिक दुर्घटनाओं, बाजार के विकास और पर्यवेक्षी अनुभव से प्राप्त फीडबैक को विनियमों में अधिक व्यवस्थित रूप से शामिल करने में मदद करते हैं, जिससे एक परिपक्व और स्थिर विनियामक स्थिति का समर्थन होता है।

डी. विनियामकीय बोझ कम करना

अधिक समृद्ध डेटा और उन्नत मॉडलिंग उपकरणों की उपलब्धता विनियामकों को अधिक संरचित और दूरदर्शी तरीके से विनियामकीय प्रभाव आकलन और लागत-लाभ विश्लेषण करने में सक्षम बनाती है, जिससे तर्कसंगत विनियामकीय विकल्पों का समर्थन होता है। रिज़र्व बैंक (आरबी) ने विनियमों के निर्माण के लिए फ्रेमवर्क के माध्यम से इस तरह की संरचित निर्णय लेने की प्रक्रिया को संस्थागत रूप दिया है, जिसमें अन्य बातों के अलावा, प्रभाव आकलन, विनियमों की आवधिक समीक्षा और 'कनेक्ट 2 रेगुलेट' के माध्यम से हितधारकों की व्यापक भागीदारी शामिल है।

अनुपालन बोझ को कम करना विनियामकों के लिए एक और उपयोग का मामला है, जिस पर आरबीआई अपने विनियामकीय और पर्यवेक्षी कार्यों में डिजिटल प्रक्रियाओं को शामिल करके सक्रिय रूप से काम कर रहा है। सभी विनियामक सेवाएं अब एक संपूर्ण केंद्रीकृत डिजिटल पोर्टल प्रवाह[12] के माध्यम से प्रदान की जाती हैं। दक्ष[13], जो एक संपूर्ण पर्यवेक्षी वर्कफ़्लो एप्लिकेशन भी है, अनुपालन, पर्यवेक्षी प्रक्रियाओं और संचार की केंद्रित निगरानी के साथ-साथ साइबर घटना रिपोर्टिंग को सक्षम बनाता है।

ई. विनियामक क्षमताएं

विनियामकों (सुपटेक) और विनियमित संस्थाओं (रेगटेक), दोनों द्वारा प्रौद्योगिकी का उपयोग अधिक कुशल पर्यवेक्षी प्रक्रियाओं और अनुपालनों का समर्थन करता है, जिसमें स्वचालित रिपोर्टिंग, लक्षित विश्लेषण और स्थिर दस्तावेज़ीकरण से दूर जाना शामिल है, जिससे प्रभावी जोखिम प्रबंधन और परिणाम प्राप्त होते हैं। आरबीआई का उन्नत पर्यवेक्षी विश्लेषण समूह माइक्रोडाटा विश्लेषण, अनुशासन मूल्यांकन, सोशल मीडिया निगरानी, उधारकर्ताओं के धोखाधड़ी भेद्यता मॉडल का आकलन आदि के लिए डिजिटल तकनीकों का तेजी से उपयोग कर रहा है।[14]

व्यवहार के परिप्रेक्ष्य से, डिजिटल उपकरण उपभोक्ता शिकायतों, उनके समाधान, सेवा व्यवधान, गलत बिक्री आदि पर संरचित और असंरचित दोनों प्रकार की जानकारी का आकलन करने की क्षमता में सुधार करने में मदद कर सकते हैं। इससे पर्यवेक्षी जुड़ाव में तेजी लाने और उपभोक्ता संरक्षण और वित्तीय समावेशन परिणामों का समर्थन करने वाले अधिक साक्ष्य-आधारित हस्तक्षेप में मदद मिलती है। आरबीआई की शिकायत प्रबंधन प्रणाली ऐसे उपकरणों का तेजी से उपयोग कर रही है।[15]

एफ. विनियामक सहयोग

जैसा कि पहले बताया गया है, डिजिटल अवसंरचनाएं और सेवा प्रदाता संस्थागत और क्षेत्राधिकार सीमाओं से परे कार्य करते हैं। डिजिटल उपकरण सीमा पार और अंतरक्षेत्रीय संदर्भों में, विशेष रूप से सामान्य महत्वपूर्ण तृतीय पक्षों के लिए, सुसंगत विनियामक परिणामों हेतु त्वरित सूचना साझाकरण और संयुक्त विश्लेषण में सहायक हो सकते हैं। आरबीआई इस प्रकार के सहयोगात्मक प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए घरेलू और अंतरराष्ट्रीय विनियामकों और मानक निर्धारण निकायों के साथ निरंतर संपर्क में रहा है।

III. डिजिटल युग में विनियमन के सिद्धांत

मैं डिजिटल युग में एक विनियामक को कैसे सोचना, निर्णय लेना और कार्य करना चाहिए, इस संबंध में कुछ मार्गदर्शक सिद्धांतों को प्रस्तुत करके अपनी बात समाप्त करना चाहूंगा।

[12] भारत में बैंकिंग की प्रवृत्ति और प्रगति पर रिपोर्ट 2024-25 का पैराग्राफ I.20।

[13] https://www.rbi.org.in/scripts/BS_PressReleaseDisplay.aspx?prid=54503

[14] आरबीआई की वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 का पैरा VI.60।

[15] आरबीआई की वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 का पैरा VI.93।

ए. जनहित की सर्वोपरिता: विनियमन को वित्तीय स्थिरता और ग्राहक संरक्षण के अपने मूल उद्देश्य में निहित रहना चाहिए।

बी. जोखिम-आधारित दृष्टिकोण: विनियामक दृष्टिकोण संस्थागत स्वरूप, कानूनी संरचना या वितरण माध्यमों से परे जोखिमों पर केंद्रित होना चाहिए।

सी. जवाबदेही लागू करना: तकनीकी मध्यस्थता या प्रक्रियाओं से विनियमित संस्थाओं की जवाबदेही कम नहीं होनी चाहिए, भले ही जिम्मेदारियां साझा की गई हों।

डी. आनुपातिक समायोजन: विनियामक तीव्रता को गतिविधियों की भौतिकता, जटिलता और प्रणालीगत प्रासंगिकता के अनुरूप समायोजित किया जाना चाहिए।

ई. डेटा, अनुभव और दूरदर्शिता: विनियामक निर्णय लेने में डेटा, पर्यवेक्षी अनुभव और भविष्योन्मुखी निर्णय का उपयोग किया जाना चाहिए।

एफ. अनुकूलनशील परिशोधन: विनियमन में निरंतर विकास होना चाहिए।

जी. परिणाम उन्मुखीकरण: विनियमन में विशिष्ट प्रौद्योगिकियों, संरचनाओं या मॉडलों के निर्धारण से बचते समय, विनियामक अपेक्षाओं को वांछित परिणामों और जोखिम नियंत्रणों पर केंद्रित होना चाहिए, जिससे कार्यान्वयन में लचीलापन हो।

एच. डिजाइन द्वारा लचीलापन: विनियामक ढाँचे संस्थाओं और प्रणालियों के झटकों को सहन करने, महत्वपूर्ण कार्यों की निरंतरता बनाए रखने और व्यवस्थित तरीके से उबरने की क्षमता पर केंद्रित होने चाहिए।

आई. प्रभावी संचार: विनियामक संचार स्पष्ट होना चाहिए जो परिणामों के बारे में पूर्वाग्रह रखे बिना या भविष्य की विनियामक कार्रवाई को सीमित किए बिना विश्वास और स्थिरता को बढ़ावा दे।

निष्कर्ष

आइए, मैं विनियमन से परे एक विचार के साथ अपनी बात समाप्त करूं। डिजिटल युग क्रिया और परिणाम के बीच की दूरी लगातार कम कर रहा है। क्रियाएं अब पहले से कहीं अधिक तेज़ी से फैलती हैं, व्यापक रूप से परस्पर क्रिया करती हैं और अधिक तेज़ी से जटिल होती जाती हैं। ऐसे परिवेश में, मुख्य चुनौती अनिश्चितता स्वयं नहीं है, बल्कि उस दौरान लिए गए निर्णय की गुणवत्ता है जिसके परिणाम अभी भी सामने आ रहे हैं।

इस परिवेश में, विनियमन का महत्व इसकी उस क्षमता में निहित है जो अन्य सभी चीजों के गतिशील होने के दौरान एक स्थिर संदर्भ बिंदु के रूप में कार्य करती है। जब यह साक्ष्य, अनुभव पर आधारित और भविष्योन्मुखी होता है, तो विनियमन परिवर्तन की दिशा को केवल प्रतिक्रिया देने के बजाय उसे आकार दे सकता है। इसी तरह नवाचार आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ता है और वित्तीय प्रणाली में विश्वास कायम रहता है।

धन्यवाद और रचनात्मक विचार-विमर्श और विचारों के आदान-प्रदान की कामना करता हूं।

आलेख

अर्थव्यवस्था की स्थिति

भारतीय अर्थव्यवस्था के वित्तीय स्टॉक और निधियों का प्रवाह 2023-24

*अर्थव्यवस्था की स्थिति**

बढ़ी हुई अनिश्चितताओं के बावजूद 2025 में वैश्विक वृद्धि मजबूत बनी रही। हालांकि वैश्विक अनिश्चितता का स्तर ऊंचा था, लेकिन दिसंबर में इसमें और कमी आई। वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी के पहले अग्रिम अनुमानों ने चुनौतीपूर्ण बाह्य वातावरण के बीच घरेलू कारकों से प्रेरित भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शाया। दिसंबर के उच्च-आवृत्ति संकेतक मांग की अनुकूल परिस्थितियों के साथ वृद्धि की गति में निरंतरता का संकेत देते हैं। दिसंबर में शीर्ष सीपीआई मुद्रास्फीति में मामूली वृद्धि हुई, लेकिन यह न्यूनतम सहनशीलता स्तर से नीचे रही। पिछले एक वर्ष में वाणिज्यिक क्षेत्र में वित्तीय संसाधनों का प्रवाह बढ़ा है, जिसमें गैर-बैंक और बैंक दोनों स्रोतों ने ऋण वृद्धि में योगदान दिया है।

भूमिका

अनिश्चितताओं में वृद्धि के बावजूद, वर्ष 2025 में वैश्विक वृद्धि आघात-सहनीय बनी रही। जनवरी 2026 में आईएमएफ द्वारा जारी वैश्विक आर्थिक परिदृश्य अपडेट में प्रौद्योगिकी आधारित मजबूत निवेश, राजकोषीय और मौद्रिक समर्थन तथा व्यापक रूप से अनुकूल वित्तीय परिस्थितियों के आधार पर 2026 के लिए वैश्विक वृद्धि अनुमानों को संशोधित किया गया। हालांकि, वृद्धि के दृष्टिकोण के लिए जोखिम नकारात्मक पक्ष की ओर झुके रहे।

वैश्विक अनिश्चितता, हालांकि उच्च स्तर पर थी, दिसंबर में और कम हुई। वैश्विक वित्तीय बाजारों में अस्थिरता, माह के अधिकांश भाग में कम होने के बाद, बढ़ते भू-राजनीतिक दबावों के कारण जनवरी में थोड़ी बढ़ गई।

विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में वृद्धि धीमी होने के कारण दिसंबर में वैश्विक आर्थिक गतिविधि छह महीनों में सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई। विनिर्माण और सेवा निर्यात आदेशों में व्यापक गिरावट के कारण नए निर्यात आदेशों में फिर से संकुचन देखने को मिला।

दिसंबर में प्रमुख शेयर बाजारों में मामूली बढ़त दर्ज की गई। हालांकि, गैर-अमेरिकी बाजारों ने बेहतर रिटर्न दिखाया क्योंकि निवेशकों ने अमेरिका में गहनता जोखिमों को लेकर चिंताओं के बीच अपने पोर्टफोलियो में विविधता लाई। जनवरी 2026 में अब तक, जापान के नेतृत्व में शेयर बाजारों में मध्य तक तेजी आई, लेकिन बाद में भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं में वृद्धि के कारण गिरावट दर्ज की गई। वैश्विक ब्याज दर अपेक्षाओं के पुनर्मूल्यांकन, बैंक ऑफ जापान द्वारा ब्याज दर में वृद्धि और अमेरिका में बेहतर आर्थिक दृष्टिकोण के परिणामस्वरूप अधिकांश विकसित अर्थव्यवस्थाओं (एई) में वैश्विक बॉण्ड प्रतिफल में वृद्धि हुई। उभरते बाजारों में पोर्टफोलियो प्रवाह में उछाल आया, जिससे पिछले माह के बहिर्वाह में उलटफेर हुआ, जिसका नेतृत्व ऋण क्षेत्र में अंतर्वाह ने किया।

वैश्विक कमोडिटी कीमतों में अलग-अलग रुझान देखने को मिले। औद्योगिक और कीमती धातुओं की कीमतों में मजबूती आई। दिसंबर में अनुकूल मांग-आपूर्ति संतुलन के चलते कच्चे तेल की कीमतें स्थिर रहीं। जनवरी की शुरुआत में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच कीमतों में मामूली उछाल आया, लेकिन बाद में आंशिक रूप से सुधार हुआ। मुद्रास्फीति में कमी आई, लेकिन लगातार सेवा क्षेत्र मुद्रास्फीति के कारण एशियाई अर्थव्यवस्थाओं में यह उच्च स्तर पर बनी रही। दिसंबर में मौद्रिक नीतिगत कार्रवाइयों से प्रमुख केंद्रीय बैंकों के नीतिगत रुख में भिन्नता स्पष्ट हुई।

वर्ष 2025-26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के पहले अग्रिम अनुमानों से चुनौतीपूर्ण बाह्य वातावरण के बावजूद घरेलू कारकों – निजी अंतिम उपभोग व्यय (पीएफसीई) और स्थिर निवेश – द्वारा संचालित भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती का पता चलता है। विनिर्माण क्षेत्र में मजबूत सुधार और सेवा क्षेत्र में निरंतर उछाल से योजित सकल मूल्य (जीवीए) में वृद्धि को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। दिसंबर के उच्च आवृत्ति संकेतक वृद्धि के लिए निरंतर सकारात्मक रुझान का संकेत देते हैं। ग्रामीण मांग में पुनरुत्थान और शहरी मांग में धीरे-धीरे सुधार के कारण मांग की स्थिति सकारात्मक बनी रही।

---

* यह आलेख रेखा मिश्र, आशीष थॉमस जॉर्ज, शशि कांत, रजनी दहिया, बिस्वजीत मोहंती, ऊर्जा यादव, यामिनी झाम्ब, विकास आनंद, संजना सेजवाल, अर्जित शिवहरे, निलवा दास, आकाश राज, अमृता बसु, सत्येंद्र कुमार, लव कुमार शांडिल्य, राधिका सिंह, सुगंथी डी, हरि प्रसाद ई, शिव शंकर, श्वेता कुमारी, राकेश कुमार, अभिनंदन बोरड, अमित पवार, अपेक्षा शर्मा, समृद्धि, युवराज कश्यप, निशांत सिंह और सौरभ शर्मा द्वारा लिखा गया है। उप गवर्नर डॉ. पूनम गुप्ता द्वारा प्रदान किए गए मार्गदर्शन और टिप्पणियों को कृतज्ञतापूर्वक स्वीकार किया जाता है। बिनोद बिहारी भोई, राधेश्याम वर्मा और विद्या कमते द्वारा सहकर्मी समीक्षा के भी हम आभारी हैं। इस आलेख में व्यक्त किए गए विचार लेखकों के हैं और भारतीय रिज़र्व बैंक के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।

